स्वस्ति-याग

पुरु त्वा दाश्वान् वोचे, ऽरिर् अग्ने! तव स्विद् आ ।
तोदस्येव शरण आ महस्य ।। ऋग्वेद १.१५०:१

समर्पित मैं तेरा प्रभूत स्तवन कर रहा हूँ। हे अग्नि! समर्पक सदा तेरा ही हुआ करता है, मानो कि महान शिक्षक की शरण में वह रहता हो।

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं
भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते
हन्यमाने शरीरे।

(भगवद्गीता २/२०)

यह आत्मा कभी जन्म नहीं लेता और न यह कभी मरता ही है। इस आत्मा का अस्तित्व कभी समाप्त नही होता। यह अजन्मा, शाश्वत, नित्य और पुरातन है। शरीर के मर जाने पर भी यह नहीं मरता।

The soul is never born nor does it die; nor does it exist on coming into being. For it is born, eternal, everlastin, and primeval; even though the body is slain, the soul is not.

(Bhagavadgita 2/20)

स्वस्ति-याग

स्वामी विद्यानन्द 'विदेह'

वेद-संस्थान
नई दिल्ली
२००२

कहाँ-क्या?

आवरण परिकल्पना : रजनी वर्मा (प्रोमिला)

शुभारम्भ

भारत की जनता जहां धर्मप्राण है वहां यज्ञप्राण भी है। यज्ञ में इस देश की जनता की विशेष श्रद्धा है।

यज्ञ विश्वव्यापक है। 'यज्ञ' के अनेक अर्थ हैं। यज्ञ की असंख्य शाखाएं हैं। यह जो अग्नि में घृत और हवि की आहुतियां देकर यज्ञ किया जाता है यह यज्ञ की बड़ी उपयोगी और महत्त्वपूर्ण शाखा है।

यदि वैज्ञानिक रीति से, विधिपूर्वक अग्नियाग किये जाएं तो जहां राष्ट्रों और जनपदों को नीरोग और स्वस्थ रखा जा सकता है वहां जनता के मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया जा सकता है। साधन उपलब्ध होने पर इस दिशा में वेद-संस्थान की ओर से अश्वमेध-पर्यन्त अनेक यज्ञपद्धतियां विधिवत् प्रकाशित की जाएंगी जिनमें यज्ञों के विषय में प्रभूत वैज्ञानिक विवेचन होगा।

सर्वप्रथम इस 'स्वस्ति-याग' को प्रकाशित करने का एक विशेष कारण है। गृहस्थों और संस्थाओं द्वारा जो बड़े-बड़े यज्ञ कराए जाते हैं उनकी अन्तर्निहित भावना स्वस्ति, सुख और शान्ति होती है। इस उद्देश्य की पूर्ति करनेवाली अभी तक एक भी यज्ञपद्धति नहीं है। इस अभाव की पूर्ति के लिए ही यह 'स्वस्ति-याग' है।

इस यज्ञपद्धति के लिए चारों वेदों का सतर्कता तथा मनोयोग के साथ पारायण करके चारों वेदों में पठित स्वस्ति, शमु, शान्ति और ईशनमन के ऐसे समस्त मन्त्रों का संकलन किया गया है जिनका अग्नियाग में विनियोग विहित हो सकता है।

आशा है, यज्ञप्रेमी विद्वान् तथा जनता इसका यथोचित स्वागत करके वेद-संस्थान का उत्साहवर्धन तथा साधनपरिवर्धन करेंगे।

—विद्यानन्द 'विदेह'

पंचम संस्करण का प्राक्कथन

श्री स्वामी विद्यानन्द 'विदेह' ने लगभग ४८ वर्ष पूर्व, १९५४ ई. में स्वस्ति-याग का संकलन किया था। विगत वर्षों में यह याग काफ़ी प्रचलित हुआ है। स्वस्ति-याग के इस पंचम संस्करण में मंत्रों के अर्थ दे दिए गए हैं जिनकी कि जब-तब मांग रहा करती थी। मात्र शब्दार्थ दिया गया है, जो व्याख्या-सापेक्ष है जैसे कि वेदों का प्रत्येक मंत्र होता है। बिना व्याख्या के, मात्र शब्दार्थ स्वयं में अपर्याप्त होता है।

यह संस्करण श्रीमती नरेन्द्र आर्या जी की अन्तःप्रेरणा का सुफल है। उनकी अभिलाषा को साकार करने में उनकी भतीजी, श्रीमती सुनीता पालिता ने स्वस्ति-याग के इस संस्करण को अपने कुल-परिवार के पावन दान से प्रकाशित कराया है। श्रीमती नरेन्द्र आर्या और श्रीमती सुनीता पालिता का वेद-संस्थान आभारी है।

स्वस्ति-याग का यह परिवर्धित संस्करण याग-प्रेमी जनता की सेवा में उपहृत है।

—दिनेश मिश्र
मन्त्री, वेद-संस्थान

"ओ३म्"

भाव-भीनी स्मृतियाँ

अध्वत्ये वो निषदनं पर्णे वो वसतिठकृता।
गोभाज इत् किलासथ यत् सनवथ पूरुषम्।

ऋ १० ९७.५
य० १२-७९
३५ - ४

ऐसे स्थान पर तुम्हारा निवास है जहाँ कल का भी भरोसा नहीं है। यह शरीर जो पर्णशाला के समान है उसका ऐसे संसार में बसेरा है जहाँ क्षण का भी भरोसा नहीं है। मानव जीवन तो पीपल के पेड़ के पत्ते के ऊपर पड़ी पानी की बूंद की भाँति है। कौन जाने इस संसार से कब विदा होना पड़े, यही वास्तविक सत्य है। मानव जीवन के कई पहलु हैं- जैसे व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं समाजिक तथा बौद्धिक। कुछ व्यक्ति अपने परिवार के समस्त उत्तरदायित्व को पूरा कर जंगल स्थित आश्रम में निवास स्थान बना लेते है, निवास आश्रम में है परन्तु चित्तवृत्तियाँ पूर्णरुपेण घर परिवार एवं सम्वन्धी जनों में। पांचों विषयों पर भी नियन्त्रण नहीं, तृण्णाएँ ज्यों कि त्यों। पुत्रेषणा, लोकेषणा, वित्तेषणा तीनों विद्यमान। दूसरी ओर कुछ व्यक्ति ऐसे है जो घर में रह कर भी अपना जीवन साधु-सम व्यतीत करते है। मेरे पितृ मातृतुल्य देवी देवता सम मेरे पूज्य बड़े भाई नरोतमलाल आहूजा व भाभी बिमलारानी आहूजा का जीवन ऐसा ही था। बड़े भाई ने जन्म तो पाया पाहवा खानदान में परन्तु पोषण एवं शैशव यौवन काल सब आहूजा खानदान में हुआ। २) वर्ष के थे तभी मेरे पिताजी ने अपनी छोटी बहिन जो निःसन्तान थी उनकी गोद में दे दिया।

अपनी बहन के प्रति हमारे पिताजी की यह असीम उदारता अपने आप में एक मिसाल थी। बारह वर्ष की आयु में अबोध बालक को यह आभास हो गया कि वह दो परिवारों का अटूट अंश है। ईश्वरीय देन जीवन पर्यन्त दो परिवारों की जिम्मेदारियां निभाते रहे। इक्कीस वर्ष की अल्पआयु में विवाह-सूत्र में बध गए।

मेरी पूज्य भाभी बिमला रानी आहूजा जीवन संगिनी के रुप में मिलीं। वास्तव मे देवी के रूप में आहूजा खानदान में आ गई। उनको भी दोनों परिवारों के सम्बन्ध की जानकारी हुई। बड़ी बुद्धिमता से अपने जीवन काल में वह एक धुरी के समान दोनों तरफ जुड़ी रही। तीन भाई छोटे, दो बहने छोटी थीं। मैं कहा करती थी यह भाई हमारे मर्यादा पुरूषोतम राम के समान

और भाभी कौशल्या की तरह है। दोनों भाई-भाभी ने तप त्याग तपस्या की भट्टी में तपते हुए दोनों माता-पिता के प्रति, अपने छोटे बहन-भाईयों के प्रति, बड़े प्रेम से अपने पूरे जीवन काल तक अपने उत्तरदायित्व को निर्वाहन किया। "नरोत्तमलाल" नाम था, नरों में उत्तम प्रशंसनीय जीवन था।

सारे बहन भाई हम हृदय से उनका सम्मान करते थे। आन्तरिक स्नेह था दुःख-सुख में सब एक दूसरे के काम आते थे। अपने कष्ट की परवाह नहीं करते थे। धार्मिक उज्जवल चरित्र था, मेरे से उनका विशेष बहुत स्नेह था मुझे अपने जीवन में कोई क्षण नहीं याद आता जब कभी किसी समय भाई-भाभी से मन मुटाव हुआ हो ऐसे भाई-भाभी को खो कर कोई सुख शान्ति से जीवन जी सकता है। यह मेरा स्वाभिमान है परन्तु परम पिता परमेश्वर का अटल नियम है, सांसारिक संबंध साथ नहीं देते। वह दोनों अपने जीवन में शुभ कर्मों की सुगंध फैलाकर चले गये। अपनी पूज्य प्यारी भाभी के गुणों का वर्णन करने की मुझमे शक्ति नहीं। एक कुशल गृहणी, कठोर परिश्रमी, मृदुभाषी एवं कर्त्तव्य निष्ठा सर्मपित जीवन। माँ, बहन, भाभी, पुत्री एवं पुत्रवधु सभी रूपों में निखरा हुआ जीवन। सुख-दुःख में सदा समान रही आर्दश ध्वजा की तरह परिवार में रही, प्रेरणा की स्त्रोत थी। अपने देवरों, ननदों को मातृवत् प्यार दिया। सब के हृदयों में बसी हुई थी। वाणी ऐसी थी जब बोलती मानों फूल झरते थे, वेद पढ़ी तो नहीं परन्तु जीवन वेदानुकूल था।

जिह्वा अग्रे मधु में जिह्वा मूले मधूलकम् जिह्वा के अग्रभाग में भी मधु था, मूल भाग में भी मधु था। अन्तःकरण शुद्ध पवित्र था छल कपट नाम मात्र भी नहीं था। विनम्रता कूट-कूट कर भरी थी। हृदय में संवेदना थी अपने परिवार की एक सृजन शक्ति थी। एक धुरी थीं। पतिपारायण हर समय अग्रणी बन कर रही अपने भीतर हृदय में उन्होंने आलौकिक गुणों को आत्म सात किया हुआ था। मन से पवित्र, तन से निष्कलंक, व्यवहार से उदार, शुद्ध आचार-विचार वाली थीं। प्रातःकाल के सूर्य की तरह निष्पाप कुटिलता से रहित सेवाभावी हर समय कार्य करने की इच्छा रखने वाली थी। इतनी कर्मठ भारतीय नारी थीं कि अस्वस्थ होते हुए भी दूसरो के हितचिन्तन में मग्न रहती थीं ममता मयी माँ थी उनके समान सहनशीलता और सेवा में सलंग्न मुझे मेरे जीवन में दूसरा नहीं मिला। हालांकि राधा-स्वामी गुरु की शिष्या थीं, मेरे साथ यज्ञ बड़ी श्रद्धा से करती थीं, पूर्ण आस्तिकता से ओत-प्रोत थी। पांचों यज्ञों को पूर्णरूपेण करना जानती थी। अतिथि यज्ञ तो उनके जीवन में पराकाष्ठा के शिखर पर था, कोई उनके घर से चाहे वह परिचित हो या अपरिचित अन्न-जलपान, भोजन के बिना नहीं जाता था। हँसते हुए सब का स्वागत करती थी। कभी कहती भाभी जी अपना

स्वास्थ तो देखा करो तो बड़ी मधुर वाणी से कहती - नरिन्द्र मेरे घर से कोई अतिथि खाली चला जाए तो [illegible] डाल देती।

यह था भारतीय आदर्श, उनके प्यारे शव्द अभी भी स्मरण आ रहे है। हृदय विह्वल हो रहा है, उनका अभाव कोई पूरा नहीं कर सका, करूणा, ममता, उदारता, सेवा एवं समर्पण की साक्षात्कार मूर्ति थी। आत्मीयता सद्भावना की संगम थी, आस्था निष्ठा की प्रतीक थी, साधारण नारी नहीं थी। हमारे परिवार की मशाल थी। दैवीसम्पदा से भरपूर उनका प्रेरणादायी जीवन बोलता था। अपनी मधु स्मृतियों के रूप में तीन पुत्र, दो पुत्रियों को छोड़ गई हैं उन बच्चों का हृदय भी अपने माता-पिता की तरह सात्विक स्नेह से ओत-प्रोत है। ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ जो अपने पीछे पुत्र-पुत्रियाँ पुत्र-वधु पोते-पोती दोहतो को छोड़ गये हैं परमपिता परमेश्वर उन को मेधाबुद्धि दे। माता-पिता के गुणों का अनुकरण करते रहें और अपने जीवन को यशस्वी बनायें। उनके समान सहनशीलता और सेवा में संलग्न मुझे मेरे जीवन में दूसरा नहीं मिला।

दोनों देवता स्वरूप थे। मेरे पूज्य भाई ने तो और भी कमाल कर दिया अपनी पार्थिव देह को भी अग्नि की भेंट नहीं होने दिया। यह भी किसी के काम आ जाये तो परोपकार का कार्य है। दिल्ली के भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान में, शोध कार्य हेतु अपना शरीर दान देने का संकल्प उन्होने ५५ वर्ष की आयु में ही कर लिया था। कितना यशस्वी कार्य कर गये है जो आने वाली सन्तति सदा स्मरण करती रहेगी। मैं उनकी भावनाओं पर श्रद्धा प्यार के फूल समर्पित करती हूँ। जहां भी वह दोनों दिव्य आत्माएँ है उनको शत्-शत् नमस्कार करती हूँ, उनका ऋण तो मैं कभी भी अपने जीवन में उतार नहीं सकती अपने सच्चे हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करती हूँ। परमेश्वर मुझे शक्ति दे उनका कोई न कोई गुण जीवन में धारण कर सकूँ, दिव्य आत्माएँ जहां भी जिस लोक में हों आलोकित करती रहें परिवार के ऊपर उनका आर्शीवाद बना रहे, सुखों की वर्षा होती रहे, परिवार के लिए मेरी हृदय से मंगल कामना है। सभी स्वस्थ एवं निरोग रहें सभी दीर्घायु हों। परमपिता परमेश्वर की प्रेरणा से उनके पुत्र-पुत्रियाँ अपने पवित्र धन से 'स्वस्तियाग' की पुस्तक अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में प्रकाशित करा कर विदेह जी के चरणों में समर्पित कर रहे हैं। ऐसी उदार भावना कहां से आई, प्रसुस्त संस्कार भी समय पा कर जागृत हो जाते हैं यह उनहीं देवता सम माता-पिता के ही संस्कार है। अन्त में मैं फिर सभी के लिए मेघाबुद्धि की प्रार्थना करती हुँ। ऐसे शुभ श्रेष्ठ कर्मों में अपने धन का सदुपयोग करते रहें। इस लोक में यश के भागी बनें अपने माता-पिता के नाम को अमर करें।

(तुच्छ बहन नरेन्द्र आर्या-वानप्रस्थी)

समर्पण-आभार

स्मृति-संयोग दर्द भरे होते हुए भी शक्ति-प्रदायक है। परमपिता परमेश्वर को प्यारे हुए, मामा-बाऊजी, हमारे माता-पिता उन दिव्यगुर्गो से परिपूर्गा थे ; जिनकी सत्यता व सुन्दरता हम अपने जीवन में पल-पल महसूस करते हैं। संस्कारों व आकारों में दी गई उनकी सीख जब जीवन को सबल, सुन्दर व सरल बनाती है तो मातृ-पितृ शक्ति को शत्-शत् नमन करने की इच्छा और प्रबल हो उठती है।

'इदं न मम', हमारे बाऊजी के स्वभाव-चित्त की पहचान थी। 'मेरा मुझ में कुछ नहीं जो कुछ है सो तेरा, तेरा तुझ को सौंप कर क्या लागे है मेरा', यही है बाऊजी के जीवन का निचोड़। कर्तव्य-परायणता की साक्षात मूर्ति हमारी माँ, बाऊजी के जीवन को ; मूल-भूत आधार प्रदान करती थीं।

विरासत में मिले मामा-बाऊजी के इन्हीं गुणों का समावेश हम सब के जीवन में हो, ऐसी ईश्वर से कर-बद्ध प्रार्थना है।

आदरणीय बुआ श्रीमति नरेन्द्र आर्या की प्रेरणा व प्रेम भरी सीख हम बच्चों को सदैव प्रिय रही है। स्वस्ति-याग के संकलन में उनका सहयोग सराहनीय है।

हम बच्चों के प्रति पाहवा परिवार का भरपूर स्नेह व संरक्षण सदैव उत्साह-वर्धक रहा है। स्वस्ति-याग समर्पण में भी उनकी भूमिका प्रेरणादायी रही। मातृ-पितृ तुल्य दोनों बुआ तीनों चाचा व उनके परिवारों के प्रति हमारा स्नेहिल आभार।

आचार्य अभय देव जी के प्रति हम सब अपना विनम्र आभार प्रकट करते हैं, जिनके आशीर्वाद व अनथक प्रयास के बिना यह प्रकाशन सम्भव नहीं हो पाता।

सपरिवार,
'उमेश, गिरीश, राजीव
प्रोमिला , सुनीता

२४ सितम्बर २००२

इस संस्करण के बारे में ज्ञातव्य

मंत्रों के अर्थ

इस याग-पद्धति के मंत्रों के अर्थ पूर्ववर्ती संस्करणों में नहीं थे। वे इस संस्करण में दिए जारहे हैं। इस प्रसंग में निम्न बातें चित्त में रखने योग्य हैं।

१ अग्नि, इन्द्र आदि व्यक्तिवाचक शब्दों के अर्थ नहीं किए गए हैं। ऐसे शब्द, परमार्थ में, आत्मा (परम/जीव) के वाचक होते हैं और साथ ही आत्मा के गुणों (शक्तियों, शील, स्वभाव) को भी बताते हैं। आत्मा के गुणों का अवतरण प्रकृति में हुआ करता है। अतः ये शब्द प्रकृति में विद्यमान शक्तियों का भी बोध कराते हैं। वेदों का एक तो स्थूल अर्थ होता है और एक सूक्ष्म अर्थ भी होता है। दोनों अर्थ साथ साथ अपनी छटा बिखेरते हैं। जैसे, वेदों में, अग्नि शब्द जहाँ यज्ञवेदि पर प्रज्वलित आग का और ताप के अन्यान्य विभिन्न रूपों का वाचक होता है वहाँ अग्नि-प्रतीक में परमेश्वर का दर्शन करना है, यह भी बताता है। इसी शैली से वेद सर्वज्ञानमय और अलौकिक-अपौरुषेय बनेहुए हैं। अध्येता अपने स्तर और अभिरुचि के अनुसार, अपने लिए वेद से अभिप्राय ग्रहण कर सकता है।

२ वेदों के अनेक शब्द, भले ही संस्कृत में और हिन्दी, आदि भाषाओं में प्रयुक्त होते हों, पर उनके कुछ ख़ास अभिप्राय भी वेद में हुआ करते हैं। ऐसे विशेष, पारिभाषिक अर्थ वैदिक कोश 'निघण्टु' में मौजूद हैं। इस संस्करण में वैदिक शब्दों के 'निघण्टु' वाले अर्थ दिए गए हैं।

३ वेदों के मंत्रों में अभिप्रायों का एक साथ ऐसा घटाटोप हुआ करता है कि मानुषी भाषाओं में उन सबको अनुवाद में लाना बिलकुल असंभव है। अतः कोई भी अर्थ केवल कामचलाऊ ही हो सकता है। व्याख्या किए बिना, मंत्रों से कुछ सतही बातें भले ही हाथ आ जाएँ; उनके गहन और तृप्तिकर अर्थ व्याख्या से ही प्रकट हुआ करते हैं। इस सीमा को चित्त में रखते हुए, मंत्रों के अर्थों से उत्पन्न होनेवाली जिज्ञासा का आनन्द लें।

४ अनुवाद में तीन प्रकार के टाइप काम में लिए गए हैं। पतले टाइप में मंत्र के शब्द रखे गए हैं और मोटे टाइप में अनुवाद रखा गया है। अनुवाद में, जो शब्द वाक्यपूर्ति, आदि की दृष्टि से जोड़ेगए हैं वे मंत्र के शब्द के अनुवाद नहीं हैं; यह बताने के लिए उन्हें मोटे और वक्र टाइप में रखा गया है। अनुवाद को पढ़तेहुए ये टाइप-प्रयोग स्मरण रखने चाहिएं।

मंत्रों का उच्चारण

मंत्रों का उच्चारण करते समय निम्न लिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

१ इस पुस्तक में मंत्रों के जिन स्वरों (या अक्षरों) का उच्चारण, अन्य स्वरों के बजाय 'उच्च' करना चाहिए उन स्वरों (या अक्षरों) को अधोरेखांकित कर दिया गया है। मंत्रोच्चार करते समय इन स्वरों (या अक्षरों) का उच्चारण 'उच्च' करने का यत्न और अभ्यास करना चाहिए।

२ मंत्र के आरंभ में ओम् बोलना होता है। यह शब्द मंत्र का अंश नहीं होता है, अतः इसके और मंत्रारंभ के बीच हल्का सा विराम देना चाहिए।

३ मंत्र के मध्य में जहाँ अर्धविराम चिह्न (,) है वहाँ रुककर सांस ले सकते हैं। सांस न लेना हो तो भी वहां कुछ विराम देना चाहिए।

४ मंत्र के पूर्वार्ध की पूर्ति पर, या गद्य-मंत्र में बीच बीच में जहां भी विराम चिह्न ('।') लगे हुए हैं वहां अवश्य रुकना है और सांस भी लेना है।

५ यत्न यह रखना चाहिए कि अर्धविराम/विराम के अलावा कहीं भी सांस न टूटे।

६ उच्चारण करते हुए शब्दों का या समस्त शब्दों के पूर्व-और-उत्तर भागों का बोध कानों द्वारा होते रहना चाहिए। ऐसा उच्चारण वाचक को स्वान्तःतृप्ति देता है और धीरे धीरे अर्थ सूझने से लगते हैं। उच्चारण द्वारा मंत्रों के अभिप्राय तक पहुंचना, यह लक्ष्य चित्त में रखना चाहिए। अतः मंत्र में जहां जहां हाइफ़न ('–') लगे हुए हैं वहां शब्द का तोड़ कानों को पता चल जाए, ऐसा उच्चारण करने का यत्न रखना चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक शब्द के आदि-अंत की ध्वनि की पहचान कानों को होती चले, ऐसा उच्चारण करना चाहिए। (यह विषय वस्तुतः आमने-सामने सीखने का है। वेद-संस्थान में मंत्रोच्चारणाभ्यास के शिविर लगते रहे हैं। मांग होने पर पुनः लगाए जा सकते हैं।)

७ मंत्र की पूर्ति के बाद, हल्का सा विराम देकर स्वाहा बोलना होता है। यजमान को ही यह शब्द बोलना है, अन्य किसी को नहीं, क्यों कि जो आहुति देरहा है उसी के द्वारा उच्चारण करने हेतु यह शब्द है। (इस शब्द का अर्थ है, 'मेरी (अन्तर्वाणी) ने (यह) कहा है'। अभिप्राय यह है कि 'आहुति-प्रक्षेप मैं अपनी अन्तःप्रेरणा से कररहा हूँ'।)

८ आहुति-प्रक्षेप 'स्वाहा' बोलने के पूर्व हरगिज नहीं करना चाहिए। 'स्वाहा' बोलकर ही आहुति-त्याग करना है।

याग-व्यवस्था

१ यज्ञस्थल को लीप-पोतकर रोचक और शोभनीय बनाया जाए।

२ यज्ञवेदि एक अनुभवी ऋत्विज् के निरीक्षण में तैयार की जाए।

३ घृत यथासम्भव घर की गौ का हो। घृत की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। शुद्ध घी उपलब्ध न होने पर केवल सुगन्धित जड़ी-बूटियों से यज्ञ किया जा सकता है।

४ हवनसामग्री, ऋत्वनुसार, अनुभवी ऋत्विज् की सम्मति से सम्पादन की जाए। जिस ऋतु में वृष्टि की आवश्यकता हो उस ऋतु में अन्न, मेवा, फल और मिष्टान्न की आहुतियां नहीं देनी चाहिएं।

५ ब्रह्मा के विराजने के लिए यज्ञवेदि के दक्षिण में ऊंची, सुन्दर चौकी बिछाएं। उस पर सुन्दर वस्त्र बिछाकर ऊपर एक उत्तम आसन लगाएं। चौकी पर ब्रह्मा के विराज जाने पर यजमान तथा अन्य इच्छुक जन ब्रह्मा के गले में सूत्र, गोटा अथ वा फूलों की माला पहिनाकर ब्रह्मा का पूजन (सत्कार) करें।

६ यजमान तथा यजमानपत्नी यज्ञवेदि के पश्चिम में पूर्वाभिमुख बैठें। पति अथ वा पत्नी की अनुपस्थिति में स्त्री वा पुरुष अकेले ही यजमान के आसन पर बैठे। उत्तर तथा पूर्व के आसनों पर दो अन्य सौम्य व्यक्ति बैठें। यज्ञसमाप्ति तक सब अपने आसनों पर बैठे रहें। दर्शक वेदि के उत्तर में दक्षिणाभिमुख (ब्रह्माभिमुख) बैठें। सुविधा की दृष्टि से दिशापरिवर्तन किया जा सकता है।

७ ब्रह्मा के साथ मन्त्रों का उच्चारण वे ही व्यक्ति करें जो मन्त्रों का पाठ अत्यन्त शुद्धता के साथ कर सकें। शेष व्यक्ति मौनरूपेण मन्त्रों का ध्यानपूर्वक श्रवण करें जिससे वे मन्त्रों का शुद्ध पाठ सीख जाएं।

८ यजमान घृत की आहुति देवे। यजमानपत्नी तथा अन्य दोनों व्यक्ति घृतमिश्रित सामग्री की आहुति दें।

९ घृत तपाकर छानाहुआ हो। सामग्री भी स्वच्छ हो।

१० घृत की प्रत्येक आहुति न्यून से न्यून आधे माशे की, और सामग्री की प्रत्येक आहुति न्यून से न्यून एक माशे की हो।

११ याग का सम्पूर्ण कार्यक्रम चार वा पांच घण्टे का है। यदि एक ही समय में पूर्ण करने का विचार हो तो प्रातः सूर्योदय से एक साथ चार वा पांच घण्टे यज्ञ किया जाए, किन्तु बीच में स्वस्थ होने के लिए कुछ अवकाश दे दिया जाए। यदि दो दिन में समाप्त करने का विचार हो तो प्रतिप्रातः सूर्योदय से दो वा ढाई घण्टे नित्य यज्ञानुष्ठान किया जाए। सप्ताह वा पक्ष में पूर्ण करना हो तो आधा घण्टा प्रतिप्रातः यज्ञ करें।

१२ यज्ञ की समाप्ति पर, यज्ञस्थल में चौकी पर विराजेहुए ही ब्रह्मा के चरणों में यजमान, यजमानपत्नी तथा अन्य इच्छुक जन पुष्कल द्रव्य, मेवा, फल, नारियल, वस्त्र, पात्र, आदि के रूप में श्रद्धापूर्वक अपनी ओर से भेंट समर्पित करें।

१३ यजमान और यजमानपत्नी आगन्तुकों को प्रसाद-वितरण करके अभिवादन-सहित विदा करें।

१४ ब्रह्मा को विदा करने से पूर्व यजमान और यजमानपत्नी उसे स्वयं भोजन कराएं।

१५ यज्ञ के दिनों में यजमान और यजमानपत्नी पूर्ण ब्रह्मचर्य से रहें, सर्वथा नवीन अथ वा शुद्ध धुले हुए वस्त्र धारण करें, प्रातः-सायं दुग्ध का सेवन करें और मध्याह्न में केवल एक समय भोजन करें।

१६ स्वस्ति-याग प्रत्येक शुभावसर, उत्सव वा पर्व पर अथ वा इससे पूर्व कराना योग्य है। कष्ट अथ वा चिन्ता में ग्रस्त होने पर भी कराना योग्य है।

ब्रह्मा

१ ब्रह्मा वेदों का विद्वान् हो, प्रयुक्त मन्त्रों का अर्थ समझने और उनका व्याख्यान करने की योग्यता रखता हो, शुद्ध, स्पष्ट और सुमधुर उच्चारण करता हो।

२ ब्रह्मा वातावरण को अतिशय श्रद्धोपेत और निष्ठापूर्ण रखे।

३ यज्ञारम्भ करने से पूर्व ब्रह्मा यज्ञस्थल, घृत, सामग्री, समिधा, कपूर तथा अन्य समस्त उपकरणों का निरीक्षण करे और देखे कि सब कुछ स्वच्छ और सुव्यवस्थित है।

४ यज्ञस्थल में ब्रह्मा उन्हीं वस्त्रों को धारण करे जो यजमान की ओर से यज्ञार्थ समर्पित किए गए हों। वस्त्र बिना सिले हों। ग्रीष्म ऋतु में चार वा पांच गज़ की दो धोतियां तथा ढाई-ढाई गज़ के दो अंगोछे पर्याप्त होंगे। शरद् ऋतु में एक ऊनी शाल अथ वा एक हलका ऊनी कम्बल ओढ़ने के लिए पर्याप्त होगा।

ब्रह्मा-वरण

यजमान : ओम् आवसोः सदने सीद।

ब्रह्मा : ओं सीदामि।

यजमान : अहम् अद्य स्वस्तियाग-करणाय भवन्तं वृणे।

ब्रह्मा : वृतोस्मि।

ब्रह्मा द्वारा यजमान तथा यजमान-पत्नी को सम्बोधन

'आप एकाग्र मन से, दत्तचित्त होकर पूर्ण श्रद्धा के साथ इस स्वस्ति-याग का अनु-ष्ठान करें । इस यज्ञ में चारों वेदों के स्वस्ति, शम्, शान्ति और ईश-नमन के मन्त्रों का पाठ होगा । मैं मंगलकामना करता हूँ कि मंगलमय भगवान् आपके परिवार-परिजनों में स्वास्थ्य, नैरोग्य, सुख, सौभाग्य, धर्म, धन और ऐश्वर्य की सर्वतः अभिवृद्धि करे।'

यदि एक यजमान हो। **सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः।** य १२.४४

'यजमान की शुभकामनाएं पूरी हों।'

यदि चार यजमान हों। **सत्याः सन्तु यजमानानां कामाः।**

'यजमानों की शुभकामनाएं पूरी हों।'

याग-पद्धति

आचमन (तीन)

१ अमृतोप-स्तरणम् असि। स्वाहा।

२ अमृतापि-धानम् असि। स्वाहा।

३ सत्यं यशः श्रीर्, मयि श्रीः श्रयताम्। स्वाहा।

अङ्ग-स्पर्श

१ वाङ् म आस्येस्तु।

२ नसोर् मे प्राणोस्तु।

३ अक्ष्णोर् मे चक्षुर् अस्तु।

४ कर्णयोर् मे श्रोत्रम् अस्तु।

५ बाह्वोर् मे बलम् अस्तु।

६ ऊर्वोर् म ओजोस्तु।

७ अरिष्टानि मेङ्गानि तनूस्, तन्वा मे सह सन्तु।

प्रार्थना

१ विश्वानि देव! सवितर्!, दुर्-इतानि परा सुव।
यद् भद्रं तन् न आ सुव। य ३०.३

२ हिरण्य-गर्भः सम् अवर्तताग्रे, भूतस्य जातः पतिर् एक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्याम् उतेमां, कस्मै देवाय हविषा विधेम। य १३.४

३ य आत्म-दा बल-दा यस्य विश्व, उपासते प्र-शिषं यस्य देवाः।
यस्य छायामृतं यस्य मृत्युः, कस्मै देवाय हविषा विधेम। य २५.१३

४ यः प्राणतो नि-मिषतो महि-त्वै,क इद् राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्वि-पदश् चतुष्-पदः, कस्मै देवाय हविषा विधेम। य २३.३

५ येन द्यौर् उग्रा पृथिवी च दृढा, येन स्व स्तभितं येन नाकः।

यो अन्तरिक्षे रजसो वि-मानः, कस्मै देवाय हविषा विधेम। य ३२.६

६ प्रजा-पते! न त्वद् एतान्य् अन्यो, विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत्-कामास् ते जुहुमस्, तन् नो अस्तु, वयं स्याम पतयो रयीणाम्।

ऋ १०.१२१.१०

७ स नो बन्धुर् जनिता स विधाता, धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यत्र देवा अमृतम् आनशानास्, तृतीये धामन्न् अध्य्-ऐरयन्त।

य ३२.१०

८ अग्ने! नय सु-पथा राये अस्मान्, विश्वानि देव! वयुनानि विद्वान्।
युयोध्य् अस्मज् जुहुराणम् एनो, भूयिष्ठां ते नम-उक्तिं विधेम।

य. ४०.१६

अग्न्य्-आधान

१ भूर् भुवः स्वः। य ३६.३ इससे अग्नि लाना वा कपूर जलाना।

२ भूर् भुवः स्वर्, द्यौर्-इव भूम्ना, पृथिवीव वरिम्णा।
तस्यास् ते पृथिवि! देव-यजनि!, पृष्ठेग्निम् अन्नादम् अन्नाद्याया दधे।
य ३.५ इससे अग्नि को यज्ञ-वेदि में रखना।

अग्नि-प्रज्वलन

उद् बुध्यस्वाग्ने! प्रति जागृहि त्वम्, इष्टापूर्ते सं सृजेथाम् अयं च।
अस्मिन्त् सध-स्थे अध्य् उत्-तरस्मिन्, विश्वे देवा यजमानश् च सीदत।
य १५.५४ इससे अग्नि प्रज्वलित करना।

समिद्-आधान

१ सम्-इधाग्निं दुवस्यत, घृतैर् बोधयतातिथिम्। आस्मिन् हव्या जुहोतन।
स्वाहा। इदम् अग्नये। इदं न मम। य ३.१

२ सु-सम्-इद्धाय शोचिषे, घृतं तीव्रं जुहोतन। अग्नये-जात-वेदसे। स्वाहा।
इदम् अग्नये जात-वेदसे। इदं न मम। य ३.२

३ तं त्वा समिद्-भिर् अङ्गिरो! घृतेन वर्धयामसि। बृहच् छोचा यविष्ठ्य!।
स्वाहा। इदम् अग्नयेऽङ्गिरसे। इदं न मम। य ३.३

पांच घृत-आहुतियां

अयं त इध्म आत्मा जात-वेदस्!, तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धय, चास्मान् प्र-जया पशु-भिर् ब्रह्म-वर्चसेनान्नाद्येन सम् एधय। स्वाहा। इदम् अग्नये जात-वेदसे। इदं न मम।

जल-सेचन

१ अदितेनु-मन्यस्व। पूर्व में,
२ अनुमतेनु-मन्यस्व। पश्चिम में,
३ सरस्वत्य्! अनु-मन्यस्व। उत्तर में,
४ देव! सवितः! प्र सुव यज्ञं, प्र सुव यज्ञ-पतिं भगाय।
दिव्यो गन्धर्वः केत-पूः केतं नः पुनातु, वाचस् पतिर् वाचं न स्वदतु।
य ६.१ चारों ओर,

घृत-आहुतियाँ

१ अग्नये। स्वाहा। इदम् अग्नये। इदं न मम।
२ सोमाय। स्वाहा। इदं सोमाय। इदं न मम।
३ प्रजा-पतये। स्वाहा। इदं प्रजा-पतये। इदं न मम।
४ इन्द्राय। स्वाहा। इदम् इन्द्राय। इदं न मम।
५ भूर् अग्नये। स्वाहा। इदम् अग्नये। इदं न मम।
६ भुवर् वायवे। स्वाहा। इदं वायवे। इदं न मम।
७ स्वर् आदित्याय। स्वाहा। इदम् आदित्याय। इदं न मम।
८ भूर् भुवः स्वर्, अग्नि-वाय्व्-आदित्येभ्यः। स्वाहा। इदम् अग्नि-वाय्व्-आदित्येभ्यः। इदं न मम।

'स्वस्ति'-आ-हुतियां

१; . १६३ स नः पितेव सूनवेऽग्ने!, सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये।
ऋ १.१.६

अग्ने! हे अग्नि! नः हमारे लिए सूपायनः भव तुम सुगम रहो, पितेव जैसे पिता सूनवे पुत्र के लिए सुगम रहता है। नः हमारे स्वस्तये मंगल के लिए हमसे सचस्व तुम घुल-मिल जाओ।

२ इहेन्द्राणीम् उप ह्वये, वरुणानीं स्वस्तये। अग्नायीं सोम-पीतये।
ऋ १.२२.१२

स्वस्तये स्वस्ति के लिए इह यहां इन्द्राणीम् इन्द्र की शक्ति—पत्नी को, वरुणानीम् वरुण की शक्ति—पत्नी को, उप ह्वये मैं निकट से पुकाररहा हूं। सोम-पीतये सोम-पान—समर्पण-स्वीकार के लिए अग्नायीम् अग्नि की शक्ति—पत्नी को मैं निकट से पुकाररहा हूं।

३ ह्वयाम्य् अग्निं प्रथमं स्वस्तये, ह्वयामि मित्रावरुणाव् इहावसे।
ह्वयामि रात्रीं जगतो नि-वेशनीं,
ह्वयामि देवं सवितारम् ऊतये। ऋ १.३५.१

प्रथमम् सर्वप्रथम, स्वस्तये स्वस्ति के लिए अग्निम् अग्नि को ह्वयामि मो पुकाररहा हूं। अवसे रक्षा के लिए मित्रावरुणौ मित्र-और-वरुण को इह यहाँ ह्वयामि मो पुकाररहा हूं। जगतः नि-वेशनीम् जगत् की नि-वास रूप रात्रीम् रात्रि को ह्वयामि मैं पुकाररहा हूं। ऊतये रक्षा के लिए देवम् लीलामय सवितारम् सविता प्रेरक/जनक को ह्वयामि मो पुकाररहा हूं।

४; २११ तम् ईशानं जगतस् तस्थुषस् पतिं,
धियं-जिन्वम् अवसे हूमहे वयम्।
पूषा नो यथा वेदसाम् असद् वृधे,

रक्षिता पायुर् अदब्धः स्वस्तये। ऋ १.८९.५

जगतः चर के, तस्थुषः स्थिर के पतिम् रक्षक तम् उस ईशानम् ईश को—धियम्-जिन्वम् कर्म/प्रज्ञा के प्रेरक को अवसे रक्षा के लिए वयम् हूमहे हम पुकाररहे हैं यथा ताकि नः वेदसाम् हमारी उपलब्धियों की वृधे वृद्धि के लिए पूषा पूषा असत् तैयार रहे। स्वस्तये स्वस्ति के लिए रक्षिता रक्षक, पायुः रखवाला, अ-दब्धः अ-दम्य वह तैयार रहे।

५; २१२; स्वस्ति न इन्द्रो वृद्ध-श्रवाः, स्वस्ति नः पूषा विश्व-वेदाः।
२२८ स्वस्ति नस् तार्क्ष्यो अरिष्ट-नेमिः,
स्वस्ति नो बृहस्पतिर् दधातु। ऋ १.८९.६

वृद्ध-श्रवाः बढ़े-चढ़े अन्न-/यश-वाला इन्द्रः इन्द्र नः हमारे लिए स्वस्ति स्वस्ति को धारण करे, विश्व-वेदाः विश्व को जाननेहारा पूषा पूषा नः हमारे लिए स्वस्ति स्वस्ति को तैयार रखे, अरिष्ट-नेमिः अ-टूट रक्षा-परिधि वाला तार्क्ष्यः तार्क्ष्य—शिल्पी नः हमारे लिए स्वस्ति स्वस्ति को ग्रहण करे, बृहस्-पतिः बड़े-बड़ों की लाज रखनेवाला नः हमारे लिए स्वस्ति स्वस्ति को दधातु बनाए रखे।

६ उत नो धियो गो-अग्राः, पूषन्! विष्णव्! एव-यावः!।
कर्ता नः स्वस्ति-मतः। ऋ १.९०.५

उत और, पूषन्! हे पूषा! विष्णो! हे विष्णु! एव-यावः! हे प्रगतिशीलों के साथ चलनेवाले! नः हमारे धियः कर्मो/प्रज्ञाओं को गो-अग्राः प्रकाशानुगामी करो, नः हमें स्वस्ति-मतः स्वस्ति से युक्त कर्त करो।

७; २३६ स नः सिन्धुम्-इव नावया,ति पर्षा स्वस्तये।
अप नः शोशुचद् अघम्। ऋ १.९७.८

नाविक सिन्धुम्-इव जैसे सिन्धु को नावया नौका द्वारा पूर देता है वैसे नः हमारी स्वस्तये स्वस्ति के लिए, अति अति-क्रमण

करके, हमें पर्षे तू दे पूर। नः अघम् हमारा पाप अप पृथक् होकर शोशुचत् झुलस जाए।

८ यम् अश्विना ददथुः श्वेतम् अश्वम्,
अघाश्वाय शश्वद् इत् स्वस्ति।
तद् वां दात्रं महि कीर्तेन्यं भूत्,
पैद्वो वाजी सदम् इद्द् हव्यो अर्यः। ऋ १.११६.६

अश्विना! हे दोनों अश्वियो! अघ-अश्वाय पाप-अश्व के सवार के लिए तुमने यम् जिस श्वेतम् अश्वम् श्वेत अश्व को—शश्वत् इत् सदा ही स्वस्ति स्वस्ति को ददथुः दिया था तत् वह वाम् तुम्हारा कीर्तेन्यम् स्तुतियोग्य, महि महान् दात्रम् दान भूत् हो गया है। वह वाजी अश्व पैद्वः जीवनयात्रा पूरी करनेवाला, सदम् इत् हव्यः सदा ही पुकारने योग्य अर्यः स्वामी अभूत् हो गया है।

९ हिमेनाग्निं घ्रंसम् अवारयेथां, पितु-मतीम् ऊर्जम् अस्मा अधत्तम्।
ऋबीसे अत्रिम् अश्विनाव-नीतम्,
उन् निन्यथुः सर्व-गणं स्वस्ति। ऋ १.११६.८

हिमेन बर्फ़ द्वारा तुम दोनों ने घ्रसंम् अग्निम् दाहक अग्नि का अवारयेथाम् निवारण—बचाव किया। पितु-मतीम् ऊर्जम् अन्न-युक्त ऊर्जा को तुमने अस्मै इसके लिए अधत्तम् स्थापित किया। अश्विना! हे अश्वियो! ऋबीसे अन्धेरे में अव-नीतम् पटकेहुए अत्रिम् अत्रि का, सर्व-गणम् सारे समाज का स्वस्ति स्वस्ति के साथ उत् निन्यथुः तुमने उन्नयन किया।

१० अजोहवीद् अश्विना! तौग्र्यो वां,
प्रोळ्हः समुद्रम् अव्यथिर् जगन्वान्।
निष् टम् ऊहथुः सु-युजा रथेन,

मनो-जवसा! वृषणा! स्वस्ति। ऋ १.११७.१५

समुद्रम् समुद्र पर प्र-ऊढः सवार, अ+व्यथिः जगन्वान् बे-झिझक गएहुए, तौग्र्यः तुग्र-के-पुत्र ने वाम् तुम दोनों को, अश्विना! हे अश्वियो!, अजोहवीत् पुकारा। मनः-जवसा! हे 'मन' वेग वालो! वृषणा! हे वर्षको! सु-युजा रथेन अच्छी प्रकार जुतेहुए रथ द्वारा तम् उसे स्वस्ति स्वस्ति के साथ ऊहथुः तुमने नि-र्वाह किया—निभाया।

११; ४६ त्वं धुनिर् इन्द्र! धुनि-मतीर्, ऋणोर् अपः सीरा न स्रवन्तीः।
प्र यत् समुद्रम् अति शूर! पर्षि, पारया तुर्वशं यदुं स्वस्ति।
ऋ १.१७४.६

इन्द्र! हे इन्द्र! धुनिः संवेदनशील त्वम् तुमने धुनि-मतीः अपः संवेदनशील उदकों को, स्रवन्तीः बहनेवाली सीराः न नदियों के समान, ऋणोः प्रवाहित किया। यत् जो कि तुम, शूर! हे शूर! समुद्रम् अति समुद्र को अतिक्रमण करके किनारे को प्र अच्छी प्रकार पर्षि छू लेते हो, अतः तुर्वशम् तुर्वश को, यदुम् यदु को स्वस्ति स्वस्ति के साथ पारय तुम पार लगाओ।

१२;२६६ अग्ने! त्वं पारया नव्यो अस्मान्त्,
स्वस्ति-भिर् अति दुर्-गाणि विश्वा।
पूश्च पृथ्वी बहुला न उर्वी,
भवा तोकाय तनयाय शं योः। ऋ १.१८९.२

अग्ने! हे अग्नि! नव्यः स्तुतियोग्य त्वम् तुम विश्वा आन्तरिक दुः-गानि बाधाओं को स्वस्ति-भिः स्वस्तियों द्वारा अति लंघवाकर अस्मान् हमें पारय पार लगा दो। तुम नः हमारी बहुला विस्तृत पूः पुरी—अयोध्या च और उर्वी पृथ्वी विस्तृत पृथिवी हो जाओ, तोकाय अगली पीढ़ी के लिए, तनयाय उससे से भी अगली पीढ़ियों के लिए शम् शांति भव हो जाओ, योः पापनिवृत्ति हो जाओ।

१३ स नो रे+वत् सम्-इधानः स्वस्तये,
सं-ददस्वान् रयिम् अस्मासु दीदिहि।
आ नः कृणुष्व सुविताय रोदसी,
अग्ने! हव्या मनुषो देव! वीतये। ऋ २.२.६

नः हमारी स्वस्तये स्वस्ति के लिए रे-वत् शोभा के साथ सम्-इधानः ख़ूब धधकनेवाला सः वह—रयिम् धन को सम्-ददस्वान् देनेहारे तुम अस्मासु हममें दीदिहि दमको। नः हमारे सुविताय अभ्युदय के लिए रोदसी द्यौ-और-पृथिवी को तुम आ अच्छी प्रकार कृणुष्व तैयार करो। अग्ने! हे अग्नि! मनुषः मनु के हव्या उदकों/अन्नों को वीतये सेवनार्थ, देव! हे लीलाधर!, भली भांति तैयार करो।

१४ सैनानीकेन सु-विदत्रो अस्मे,
यष्टा देवाँ आ-यजिष्ठः स्वस्ति।
अदब्धो गोपा उत नः परस्-पा,
अग्ने! द्यु-मद् उत रे+वद् दिदीहि। ऋ २.६.६

एना अनीकेन इस ज्योति द्वारा सु-विदत्रः सु-प्रतिज्ञ/सु-धन, देवान् यष्टा देवों को पूजनेवाला, आ-यजिष्ठः ख़ूब अतिशय-पूजक, अस्मे हममें निहित सः वह—अ-दब्धः अ-दमित, गोपाः रक्षक उत और नः परः-पाः हमें पार लगानेवाले, अग्ने! हे अग्नि!, स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक, द्यु-मत् द्युति के साथ उत और रे-वत् शोभा के साथ दिदीहि तुम दमको।

१५ स ईं महीं धुनिम् एतोर् अरम्णात्,
सो अस्नातॄन् अपारयत् स्वस्ति।
त उत्-स्नाय रयिम् अभि प्र तस्थुः,
सोमस्य ता मद इन्द्रश् चकार। ऋ २.१५.५

सः वह महीम् महती, धुनिम् पावक ईम् प्रवाह में, एतोः उसके पार जाने के लिए, अरम्णात् रम गया। सः उसने अस्नातॄन् अ-स्नातकों को स्वस्ति स्वस्ति के साथ अपारयत् पार करा दिया। ते उन्होंने उत्-स्नाय ऊपर स्नान करके, रयिम् धन की अभि ओर प्र तस्थुः प्र-स्थान किया। सोमस्य मदे सोम की अर्चना में ता उन कर्मों को इन्द्रः इन्द्र ने चकार किया था।

१६ किम् ऊ नु वः कृणवामापरेण, किं सनेन वसव! आप्येन।
यूयं नो मित्रावरुणादिते! च, स्वस्तिम् इन्द्रामरुतो! दधात।
ऋ २.२९.३

अपरेण वर्तमान द्वारा वः तुम्हारा, नु भला, हम किम् उ क्या तो कृणवाम करें? वसवः! हे वसुओ! सनेन आप्येन सनातन लक्ष्य द्वारा भी तुम्हारा हम, भला, क्या करें? मित्रा-वरुणा! हे मित्र-और-वरुण! च और अदिते! हे अदिति! इन्द्रा-मरुतः! हे इन्द्र-और-मरुतो! नः स्वस्तिम् हमारी स्वस्ति को यूयम् तुम लोग दधात धारण करो।

१७ या गुङ्गूर् या सिनी-वाली, या राका या सरस्वती।
इन्द्राणीम् अह्व ऊतये, वरुणानीं स्वस्तये। ऋ २.३२.८

या जो गुङ्गूः कुहू है, या जो सिनी-वाली सिनी-वाली है, या जो राका राका है, या जो सरस्-वती प्रवाह-वती है—प्रत्येक को मो पुकाररहा हूं। इन्द्राणीम् इन्द्र की शक्ति को ऊतये रक्षा के लिए अह्वे मैं पुकारता हूं। वरुणानीम् वरुण की शक्ति को स्वस्तये स्वस्ति के लिए मो पुकाररहा हूं।

१८ श्रेष्ठो जातस्य रुद्र! श्रियासि, तवस्-तमस् तवसां वज्र-बाहो!
पर्षि णः पारम् अंहसः स्वस्ति,
विश्वा अभीती रपसो युयोधि। ऋ २.३३.३

रुद्र! हे रुद्र! श्रिया श्रीः द्वारा, जातस्य संसार के मध्य में श्रेष्ठः

असि तुम श्रेष्ठ हो। वज्र-बाहो! हे 'वज्र' बाहु वाले! तुम तवसाम् बलों में तवः-तमः परम बल हो। नः हमें अहंसः पारम् पाप के पार स्वस्ति स्वस्ति के साथ पर्षि तुम पहुँचाओ। रपसः पाप की विश्वाः अभि-इतीः आन्तरिक हल-चलों को युयोधि तुम खदेड़ दो।

१९ उद् उ ष्य देवः सविता सवाय,
शश्वत्-तमं तद्-अपा वह्निर् अस्थात्।
नूनं देवेभ्यो वि हि धाति रत्नम्,
अथाभजद् वीति-होत्रं स्वस्तौ। ऋ २.३८.१

तत्-अपाः तत्-रूप कर्म वाला, वह्निः दायित्वनिर्वाहक, देवः लीलामय सविता सविता स्यः वह शश्वत्-तमम् परम सनातन को सवाय गुंजायश देने के लिए उ ही उत् अस्थात् उठ खड़ा हुआ है। हि क्यों कि, देवेभ्यः देवों से लेकर रत्नम् रत्न को नूनम् अवश्य वि धाति वह ख़ूब धारण कररहा है, अतः अथ फिर वीति-होत्रम् व्याप्ति-भोग-रूप होम करनेवाले भक्त को स्वस्तौ स्वस्ति में अभजत् उसने अंगीकार कर लिया है।

२० न यस्येन्द्रो वरुणो न मित्रो, व्रतम् अर्यमा न मिनन्ति रुद्रः।
नारातयस् तम् इदं स्वस्ति, हुवे देवं सवितारं नमो-भिः।
ऋ २.३८.९

यस्य जिसके व्रतम् व्रत को न न इन्द्रः वरुणः इन्द्र, वरुण, न न मित्रः अर्यमा मित्र, अर्यमा, न न रुद्रः रुद्र, न न अ-रातयः अ-दानी लोग मिनन्ति बाधित कररहे हो तम् उस देवम् सवितारम् लीलामय सविता को, इदम् उसके इस व्रत को नमः-भिः अन्नों/वज्रों द्वारा स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक हुवे मैं पुकाररहा हूं।

२१ स नः पावक! दीदिहि, द्यु-मद् अस्मे सु-वीर्यम्।
भवा स्तोतृभ्यो अन्तमः स्वस्तये। ऋ ३.१०.८

सः वह—नः पावक! हमारे हे पवित्रकर्त्ता! अस्मे हमारे लिए द्यु-मत् द्युति-मय होकर, सु-वीर्यम् मंगलकारी सामर्थ्य वाले होकर दीदिहि तुम दमको। स्वस्तये स्वस्ति की ख़ातिर, स्तोतृभ्यः स्तोताओं के लिए तुम अन्तमः अतिशय समीपवर्त्ती भव हो जाओ।

२२ स्वस्तये वाजि-भिश् च प्र-णेतः!,
सं यन् महीर् इष आ-सत्सि पूर्वीः ।
रायो वन्तारो बृहतः स्यामा,स्मे अस्तु भग इन्द्र! प्रजा-वान्।
ऋ ३.३०.१८

च और, प्र-नेतः! हे कुशल-नेता! वाजि-भिः अश्वों के साथ, महीः, पूर्वीः इषः महान्, सनातन अन्नों को लक्ष्य करके यत् जो स्वस्तये स्वस्ति के लिए सम् आ-सत्सि तुम सं-आ-सन्न होरहे हो, तो बृहतः रायः बृहत् धन का वन्तारः सेवन करनेवाले स्याम हमें भी हो जाना चाहिए। इन्द्र! हे इन्द्र! अस्मे हमारे लिए भगः धन प्रजा-वान् प्रजा से युक्त अस्तु होवे।

२३ मिहः पावकाः प्र-तता अभूवन्त्,
स्वस्ति नः पिपृहि पारम् आसाम्।
इन्द्र! त्वं रथिरः पाहि नो रिषो,
मक्षू-मक्षू कृणुहि गो-जितो नः। ऋ ३.३१.२०

मिहः जल पावकाः पवित्रकर्ता और प्र-ततः दूर तक फैलेहुए अभूवन् हो गए हो। नः हमें स्वस्ति स्वस्ति के साथ आसाम् पारम् इनके पार पिपृहि तुम लगा दो। इन्द्र! हे इन्द्र! रथिरः त्वम् रथवान् तुम नः हमें रिषः पाहि हिंसक से बचाओ।

मक्षु-मक्षु जल्दी से जल्दी नः हमें गो-जितः कृणुहि रश्मियों का विजेता कर दो।

२४ युवं प्रत्नस्य साधथो महो यद्, दैवी स्वस्तिः परि णः स्यातम्।
गोपा-जिह्वस्य तस्थुषो वि-रूपा,
विश्वे पश्यन्ति मायिनः कृतानि। ऋ ३.३८.९

इन्द्र-और-वरुण युवम् तुम दोनों प्रत्नस्य इस सनातन भक्त के वैसे लक्ष्य को साधथः सम्पन्न करो यत् जो महः महान् भी है। दैवी स्वस्तिः दैवी स्वस्ति रूप तुम दोनों नः हमारे परि सब ओर स्यातम् रहने चाहिएं। गोपा-जिह्वस्य रक्षा-आश्वासन देनेवाले, तस्थुषः स्थिर देव के वि-रूपा कृतानि विश्व-रूप कर्मों को विश्वे मायिनः सब प्रज्ञावान् लोग पश्यन्ति देखरहे हो।

२५ अयम् अस्मान् वनस्पतिर्, मा च हा मा च रीरिषत्।
स्वस्त्य् आ गृहेभ्य आ,व-सा आ वि-मोचनात्। ऋ ३.५३.२०

अयम् यह वनस्-पतिः वनस्पति—शरीर-वृक्ष अस्मान् हमें मा च न तो हाः त्यागे, मा च न ही रीरिषत् मारे। गृहेभ्यः आ गृहा—तक, अव-सै आ समाप्ति की खातिर, वि-मोचनात् आ वि-मोक्ष होने तक स्वस्ति स्वस्ति ही स्वस्ति है।

२६ आरे अस्मद् अमतिम् आरे अंह,
आरे विश्वाँ दुर्-मतिं यन् नि-पासि।
दोषा शिवः सहसः सूनो! अग्ने!,
यं देव! आ चित् सचसे स्वस्ति। ऋ ४.११.६

यत् जो कि नि-पासि तुम निश्चित-सुरक्षा प्रदान कररहे हो, सहसः प्रवाह—परम्परा/बल के सूनो! हे परिणाम! अग्ने! हे अग्नि! दोषा रात्रि में शिवः शिव तुम यम् जिसे भी देव! हे

लीलामय! स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक आ चित् भर-पूर सचसे मिल

जाते हो, ऐसे हम अस्मत् अपने से अ-मतिम् अ-मति को आरे दूर रखते हो, अहंः पाप को आरे दूर रखते हो, विश्वाम् दुः-मतिम् विश्व दुर्-मति को आरे दूर रख पारहे हो।

२७ अस्माँ इहा वृणीष्व, सख्याय स्वस्तये। महो राये दिवित्मते।

ऋ ४.३१.११

सख्याय मैत्री के लिए, स्वस्तये स्वस्ति के लिए, महः दिवित्मते राये महान्, प्रकाशमय सुषमा के लिए अस्मान् हमें इह यहां वृणीष्व तुम वरण कर लो।

२८ दधि-क्राव्ण इष ऊर्जो महो यद्, अमन्महि मरुतां नाम भद्रम्। स्वस्तये वरुणं मित्रम् अग्निं, हवामह इन्द्रं वज्र-बाहुम्।

ऋ ४.३६.४

यत् जो कि दधि-क्राव्णः दधि-क्रावा को, इषः अन्न को, ऊर्जः सूक्ष्म अन्न—बल को, महः महत्ता को, मरुताम् भद्रम् नाम ऋत्विजों के कल्याण-मय नाम को अमन्महि हम मांगरहे हैं तो, वस्तुतः स्वस्तये स्वस्ति के लिए क्रमशः वरुणम् वरुण को, मित्रम् मित्र को, अग्निम् अग्नि को, वज्र-बाहुम् इन्द्रम् 'वज्र' बाहु वाले इन्द्र को हवामहे हम पुकाररहे हो।

२६ प्र पस्त्याम् अदितिं सिन्धुम् अर्कैः,
स्वस्तिम् ईळे सख्याय देवीम्।
उभे यथा नो अहनी नि-पात,
उषासानक्ता करताम् अदब्धे। ऋ ४.५५.३

पस्त्याम् गृह—परमात्म-शरण का, अदितिम् अदिति का, सिन्धुम् सिन्धु का, देवीम् स्वस्तिम् देवी स्वस्ति का अर्कैः अन्नों/वज्रों द्वारा प्र ईळे मो सघन ध्यान कररहा हूं। यथा जैसे नः हमें अहनी दिन-और-रात, उभे दोनों नि-पातः निश्चित सुरक्षा

प्रदान कररहे हो, अदब्धे अदम्य उषासा-नक्ता उषा-और-रात्रि भी ऐसा करताम् करें।

३० यस्मै त्वं सु-कृते जात-वेद! उ,
लोकम् अग्ने! कृणवः स्योनम्।
अश्विनं स पुत्रिणं वीर-वन्तं,
गो-मन्तं रयिं नशते स्वस्ति। ऋ ५.४.११

जात-वेदः हे जगद्-वेत्ता! त्वम् तुमने यस्मै सु-कृते जिस सु-कर्मा के लिए लोकम् अपने दर्शन को, अग्ने! हे अग्नि!, स्योनम् साक्षात् सुख कृणवः कर दिया सः उसकी अश्विनम् अश्व-वान्, पुत्रिणम् पुत्र-वान्, वीर-वन्तम् वीर-वान्, गो-मन्तम् रयिम् रश्मि-वान् धन तक स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक नशते पहुंच होरही है।

३१ नू न एहि वार्यम्, अग्ने! गृणान आ भर। ये वयं ये च सूरयः,
स्वस्ति धामहे सचो,तैधि पृत्-सु नो वृधे। ऋ ५.१६.५

नु अब तो नः हमारे पास एहि तुम आ जाओ। अग्ने! हे अग्नि! हमसे गृणानः बोलतेहुए वार्यम् वरणीय–गुण, आदि को नः हममें आ भर तुम ख़ूब भर दो–हमारा आ-भरण बना दो। ये वयम् जो हम लोग हो च और ये सूरयः जो तेरे स्तोता हो–हम सब मिलकर, स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक तुझे धामहे धारण कररहे हो। उत और पृत्-सु संघर्षों में नः वृधे हमारी विजय के लिए सचा एधि तुम जागरूक रहो।

३२ नू न इद्द् हि वार्यम्, आसा सचन्त सूरयः।
ऊर्जो नपाद् अभिष्टये पाहि शग्धि,
स्वस्तय उतैधि पृत्-सु नो वृधे। ऋ ५.१७.५

हि क्योंकि नु अब तो नः इत् हमारे लिए ही सूरयः स्तोता लोग वार्यम् वरणीय–गुण, आदि को आसा मुख–अन्तर्वाणी

द्वारा सचन्ते प्राप्त कररहे हो, ऊर्जः सूक्ष्म अन्न की नपात्! हे परिणति! अभिष्टये इन्द्र के लिए पाहि हमारी तुम रक्षा करो और स्वस्तये स्वस्ति के लिए शग्धि समर्थ बनो। उत और पृत्-सु संघर्षों में नः वृधे हमारी वृद्धि के लिए एधि तुम सन्नद्ध रहो।

३३ सम्-इध्यमानो अमृतस्य राजसि, हविष् कृण्वन्तं सचसे स्वस्तये।
विश्वं स धत्ते द्रविणं यम् इन्वस्यू,
आतिथ्यम् अग्ने! नि च धत्त इत् पुरः। ऋ ५.२८.२

सम्-इध्यमानः खूब धधकरहे तुम अमृतस्य अमृत के राजसि राजा हो। हविः कृण्वन्तम् समर्पण करनेवाले को तू स्वस्तये उसकी स्वस्ति के लिए सचसे मिलजाता है। यम् जिस तक इन्वसि तुम पहुँच जाते हो सः वह विश्वम् द्रविणम् आन्तरिक बल/धन को अपने में धत्ते धर लेता है। च और अग्ने! हे अग्नि! आतिथ्यम् आतिथ्य-सामग्री को पुरः तुझ अतिथि के समक्ष नि निश्चित रूप से धत्ते इत् स्थापित—समर्पित करता ही है।

३४,१९९; सम् इन्द्र णो मनसा नेषि गोभिः,
२५१ सं सूरि-भिर् हरि-वः! सं स्वस्ति।
सं ब्रह्मणा देव-हितं यद् अस्ति,
सं देवानां सु-मत्या यज्ञियानाम्। ऋ ५.४२.४

इन्द्र! हे इन्द्र! नः हमें मनसा मन द्वारा, गो-भिः रश्मियों द्वारा सम् भली भांति नेषि तुम ले चलरहे हो। हरि-वः! हे अश्व-द्वय वाले! सूरि-भिः स्तोताओं द्वारा सम् भली भांति तुम हमारा नेतृत्व कररहे हो। स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक हमारी सम् भली भांति उन्नति कररहे हो। यत् जो कुछ भी देव-हितम् देवों द्वारा हमारे लिए नियत कियाहुआ है उस ब्रह्मणा अन्न/जल/

धन द्वारा तुम हमारी सम् भली भांति उन्नति कररहे हो। यज्ञियानाम् देवानाम् यज्ञ-परायण देवों की सु-मत्या सु-मति द्वारा हमारा सम् भली भांति उत्थान कररहे हो।

३५ एष स्तोमो मारुतं शर्धो अच्छा,
रुद्रस्य सूनूँर् युवन्यूँर् उद् अश्याः।
कामो राये हवते मा स्वस्त्य्,
उप स्तुहि पृषद्-अश्वाँ अयासः। ऋ ५.४२.१५

एषः स्तोमः यह स्तोत्र मारुतम् शर्धः मरुतों के वेग का अच्छ भली भांति सामना करे, रुद्रस्य सूनून् रुद्र के पुत्रों का, युवन्यून् युवाओं का उत् उत्कर्ष-पूर्वक अश्याः सामना करे। कामः अभिलाषा मा मुझे राये सुषमा के लिए स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक हवते पुकाररही है। पृषत्-अश्वान् रंग-बिरंगे अश्वों वाले अयासः घुमन्तुओं के उप पास जाकर स्तुहि तू उनकी स्तुति कर।

३६ एष ते देव! नेता, रथस्-पतिः शं रयिः।
शं राये शं स्वस्तय, इषः-स्तुतो मनामहे,
देव-स्तुतो मनामहे। ऋ ५.५०.५

देव! हे देव! नेता! हे नायक! एषः यह ते तेरा रथः-पतिः रथ-पति शम् साक्षात् सुख है, रयिः धन है। इषः-स्तुतः हम अन्न-स्तोता लोग मनामहे मांगरहे हो, देव-स्तुतः हम देव-स्तोता लोग मनामहे मांगरहे हो शम् शं को राये सुषमा के लिए, शम् शं को स्वस्तये स्वस्ति के लिए।

३७ स्वस्ति नो मिमीताम् अश्विना भगः,
स्वस्ति देव्य् अदितिर् अन्+अर्वणः।
स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः,

स्वस्ति द्यावापृथिवी सु-चेतुना। ऋ ५.५१.११

अश्विना दोनों अश्वी नः हमारी स्वस्ति स्वस्ति को मिमीताम् करें; स्वस्ति को भगः भग भी करे; देवी अदितिः देवी अदिति अन्-अर्वणः अ-शत्रु की स्वस्ति स्वस्ति को करे; पूषा पूषा, असुरः मेघ नः हमारी स्वस्ति स्वस्ति को दधातु स्थापित करे। द्यावा-पृथिवी द्यौ-पृथिवी सु-चेतुना सु-चेतनावान् द्वारा स्वस्ति स्वस्ति को करें।

३८ स्वस्तये वायुम् उप ब्रवामहै,
सोमं स्वस्ति भुवनस्य यस् पतिः।
बृहस्पतिं सर्व-गणं स्वस्तये,
स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः। ऋ ५.५१.१२

स्वस्तये स्वस्ति के लिए वायुम् वायु के उप समीप जाकर उस की ब्रवामहै हम स्तुति करें। भुवनस्य भुवन का यः पतिः जो रखवाला स्वस्ति स्वस्ति को कररहा है उस सोमम् सोम की हम उप-स्तुति करें। स्वस्तये स्वस्ति के लिए सर्व-गणम् सब गणों वाले बृहस्-पतिम् बड़े-बड़ों के रखवाले की हम उप-स्तुति करें। आदित्यासः आदित्य नामक देव नः हमारी स्वस्तये स्वस्ति के लिए भवन्तु होवें।

३९ विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये,
वैश्वानरो वसुर् अग्निः स्वस्तये।
देवा अवन्त्व् ऋभवः स्वस्तये,
स्वस्ति नो रुद्रः पात्व् अंहसः। ऋ ५.५१.१३

विश्वे देवाः 'विश्व' नामक देव अद्य आज नः स्वस्तये हमारी स्वस्ति के लिए उद्यत हो। वैश्वानरः वसुः अग्निः वैश्वानर, वसु अग्नि स्वस्तये स्वस्ति के लिए उत्सुक है। ऋभवः देवाः ऋभु नामक देव स्वस्तये स्वस्ति के लिए अवन्तु रक्षा करें। नः हमें रुद्रः रुद्र अंहसः पाप से स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक पातु बचाए।

४० स्वस्ति मित्रावरुणा, स्वस्ति पथ्ये! रेवति!
स्वस्ति न इन्द्रश् चाग्निश् च,
स्वस्ति नो अदिते! कृधि। ऋ ५.५१.१४

मित्रा-वरुणा! हे मित्र-वरुण! स्वस्ति स्वस्ति को करो। पथ्ये! हे अन्तरिक्षचारिणि! रेवति! हे शोभामयि! स्वस्ति स्वस्ति को करो। इन्द्रः च इन्द्र भी, अग्निः च अग्नि भी नः हमारी स्वस्ति स्वस्ति को करे। अदिते! हे अदिति! नः स्वस्ति हमारी स्वस्ति को कृधि तुम करो।

४१ स्वस्ति पन्थाम् अनु चरेम, सूर्याचन्द्रमसाव्-इव।
पुनर् ददताघ्नता, जानता सं गमेमहि। ऋ ५.५१.१५

पन्थाम् अन्तरिक्ष-पथ को स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक अनु क्रमशः चरेम हमें पार करना चाहिए सूर्याचन्द्रमसाव्-इव जैसे सूर्य-चन्द्रमा पार कररहे हैं। पुनः बारं-बार ददता देनेवाले, अघ्नता न मारनेवाले, जानता जाननेवाले के साथ सम् गमेमहि हमें सं-गति करनी चाहिए।

४२ अतीयाम निदस् तिरः स्वस्ति-भिर्, हित्वावद्यम् अरातीः।
वृष्ट्वी शं योर् आप उस्रि भेषजं,
स्याम मरुतः! सह। ऋ ५.५३.१४

अ-वद्यम् हित्वा मुखपर न लाने योग्य—पाप को छोड़कर, स्वस्ति-भिः स्वस्तियों द्वारा तिरः निदः हमें प्राप्त निन्दकों को, अ-रातीः दान-हीनों को, अति ओझल करके, इयाम हम लाँघ जाएँ। शम् शं, योः पाप-मुक्ति वृष्ट्वी आपः वृष्टि के जल हो, उस्रि भेषजम् गो-युक्त सुख हो। मरुतः! हे मरुतो! इनके सह साथ स्याम हमें रहना चाहिए।

४३ युवं नो येषु वरुण! क्षत्रं बृहच् च बिभृथः।

उरु णो वाज-सातये, कृतं राये स्वस्तये। ऋ ५:६४.६

च और वरुण! हे मित्र-वरुण! युवम् तुम दोनों बृहत् महान् क्षत्रम् प्रवाह/धन को नः हमारी ख़ातिर येषु जहां जहां बिभृथः भरा करते हो उसे नः हमारे लिए—वाज-सातये अन्न/बल के दान के लिए, राये शोभा के लिए, स्वस्तये स्वस्ति के लिए उरु कृतम् फैला दो।

४४; ४६ अच्छा नो मित्र-महो देव! देवान्, अग्ने! वोचः सु-मतिं रोदस्योः। वीहि स्वस्तिं सु-क्षितिं दिवो नॄन्, द्विषो अंहांसि दुर्-इता तरेम, ता तरेम तवावसा तरेम। ऋ ६.२.११

मित्र-महः! हे मित्रों को मान देनेवाले! देव! हे देव! अग्ने! हे अग्नि! तुम रोदस्योः द्यौ-पृथिवी के देवान् देवों को नः हमारी सु-मतिम् सु-मति के बारे में अच्छ अच्छी प्रकार वोचः बताओ। स्वस्तिम् स्वस्ति तक, सु-क्षितिम् सु-निवास तक, दिवः नॄन् द्यौ के नायकों तक वीहि तुम पहुंचो। द्विषः द्वेषियों को, अंहांसि पापों को, दुः-इता दुश्-चरितों को तरेम हम लांघ जाएँ; ता उन्हें तरेम हम पार कर लें; तव अवसा तेरी रक्षा द्वारा तरेम हम तैर जाएं।

४५ नू नो अग्नेवृकेभिः स्वस्ति वेषि, रायः पथिभिः पर्ष्य् अंहः। ता सूरि-भ्यो गृणते रासि सु-म्नं, मदेम शत-हिमाः सु-वीराः। ऋ ६.४.८

अग्ने! हे अग्नि! नः हमारे लिए तुम अ-वृकेभिः पथिभिः अ-क्रूर मार्गों से रायः जीवन की सुषमा तक नु तुरन्त स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक वेषि पहुंच जाया करते हो, अंहः पाप को पर्षि पार कर जाया करते हो। ता उन्हें सूरिभ्यः स्तोताओं के लिए, गृणते प्रत्येक स्तोता के लिए सुम्नम् सुख—सु-मनस्कता को रासि तुम दिया करते हो। सुवीराः सु वीरों वाले हमें शत-हिमाः सौ हेमन्तों तक मदेम अर्चना करनी चाहिए।

४६ अच्छा नो मित्र-महो! देव! देवान्, अग्ने! वोचः सु-मतिं रोदस्योः। वीहि स्वस्तिं सु-क्षितिं दिवो नॄन्, द्विषो अंहांसि दुर्-इता तरेम, ता तरेम तवावसा तरेम। ऋ ६.१४.६

मंत्र-संख्या ४४ पर अर्थ मौजूद है।

४७ जनिष्वा देव-वीतये, सर्व-ताता स्वस्तये।
आ देवान् वक्ष्य् अमृतों ऋता-वृधो,
यज्ञं देवेषु पिस्पृशः। ऋ ६.१५.१८

देव-वीतये देवों की कामना वाले के लिए, सर्व-ताता स्वस्तये सर्व-विस्तार में स्वस्ति के लिए जनिष्व तू प्रकट हो। ऋत-वृधः ऋत से बढ़नेवाले, अमृतान् मृत अंश से रहित देवान् देवों को आ वक्षि तुम ले आओ। देवेषु देवों में पहुंचकर यज्ञम् यज्ञ को पिस्पृशः तुम छू लो।

४८ प्र श्येनो न मदिरम् अंशुम् अस्मै, शिरो दासस्य नमुचेर्-मथायन्। प्रावन् नमीं साप्यं ससन्तं, पृणग् राया सम् इषा सं स्वस्ति। ऋ ६.२०.६

न जैसे श्येनः बाज़ ने अस्मै इसके लिए मदिरम् अंशुम् अर्चनापरक अंशु को मथा था, इसने भी नमुचेः दासस्य नमुचि दास के शिरः सिर को मथायन् मथतेहुए, ससन्तम् निद्रालीन, साप्यम् सप के पुत्र नमीम् नमी को प्र आवत् भली भांति बचाया; उसे राया सुषमा से और इषा भोग से स्वस्ति स्वस्ति-पूर्वक सम् पृणक् युक्त कर दिया।

४९ त्वं धुनिर् इन्द्र धुनि-मतीर् ऋणोर्, अपः सीरा न स्रवन्तीः। प्र यत् समुद्रम् अति शूर! पर्षि, पारया तुर्वशं यदुं स्वस्ति। ऋ ६.२०.१२

मंत्र-संख्या ११ पर अर्थ मौजूद है।

५०;२८२ आ सं-यतम् इन्द्र! णः स्वस्तिं, शत्रु-तूर्याय बृहतीम् अमृध्राम्।
यया दासान्य् आर्याणि वृत्रा करो, वज्रिन्त्! सु-तुका नाहुषाणि।
ऋ ६.२२.१०

इन्द्र! हे इन्द्र! नः हमारे सम्-यतम् सं-घर्ष को तुम अ-मृध्राम् हिंसा-रहित, बृहतीम् महान्, स्वस्तिम् स्वस्ति आ भली-भांति कर दो ताकि हम शत्रु-तूर्याय शत्रु का पार पा सकें—वह स्वस्ति यया जिसके द्वारा तुमने दासानि वृत्रा दास वृत्रों को आर्याणि आर्य करः कर दिया था, वज्रिन्! हे वज्रधारी! नाहुषाणि मनुष्य-सन्ततियों को सु-तुका कल्याणार्थ हिंसा करनेवाले कर दिया था।

५१;२१६ इन्द्र! त्रि-धातु शरणं, त्रि-वरूथं स्वस्ति-मत्।
छर्दिर् यच्छ मघवद्-भ्यश् च,
मह्यं च यावया दिद्युम् एभ्यः। ऋ ६.४६.६

इन्द्र! हे इन्द्र! मघवत्-भ्यः च धन-वानों के लिए भी, मह्यम् च मेरे लिए भी सिर पर छर्दिः छत यच्छ प्रदान करो—त्रि-धातु तीन धातुओं वाली, शरणम् आश्रय, स्वस्ति-मत् स्वस्ति-मान् त्रि-वरूथम् तीन घरों वाली। एभ्यः इन सबसे दिद्युम् वज्र को यवय दूर करो।

५२;२७३ उरुं नो लोकम् अनु नेषि विद्वान्त्, स्वर्-वज् ज्योतिर् अभयं स्वस्ति।
ऋष्वा त इन्द्र! स्थविरस्य बाहू, उप स्थेयाम शरणा बृहन्ता।
ऋ ६.४७.८

तुम विद्वान् सब कुछ जाननेवाले हो, तुम नः हमें अनु क्रमशः उस उरुम् लोकम् विराट् लोक में नेषि लेजारहे हो जो है स्वः-वत् ज्योतिः द्यौ वाली ज्योति, अभयम् भय-रहित, स्वस्ति स्वस्ति। इन्द्र! हे इन्द्र! ते स्थविरस्य तुझ स्थिर की ऋष्वा

प्रभावी, बृहन्ता बाहू दो विशाल बाहुओं की शरणा शरण में उप स्थेयाम हमें रहना चाहिए।

५३;२०७; त्रातारम् इन्द्रम् अवितारम् इन्द्रं, हवे-हवे सु-हवं शूरम् इन्द्रम्।
२५० ह्वयामि शक्रं पुरु-हूतम् इन्द्रं, स्वस्ति नो मघ-वा धात्व् इन्द्रः।
ऋ ६.४७.११

